दैनिक अंबर

डूंडलोद (झुंझुनूं) . गुरुवार 23 अप्रैल . 2015

जेजेटी यूनिवर्सिटी में पृथ्वी दिवस मनाया

झुंझुनूं. श्री जगदीश प्रसाद झाबरमल टिबड़ेवाला विश्वविद्यालय में बुधवार को पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वाईस चांसलर डॉ. डी.के. कौशिक, डॉ. राजेन्द्र झाझडिया ने पीएचडी स्कॉलर व विद्यार्थियों को प्रदूषण को कम करने के उपायों पर बल दिया और प्रत्येक व्यक्ति को वृक्ष लगाने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर रजिस्ट्रार बाल कृष्ण टीबड़ेवाला, डॉ. रेणु वशिष्ठ, राजेश साई, निधि यादव, महावीर प्रसाद सैनी सहित स्कॉलर व विद्यार्थी उपस्थित थे। सभी ने वृक्षारोपण भी किया। **इसी तरह** पृथ्वी दिवस के अवसर पर पचेरी के सिंघानियां विश्वविद्यालय की शैक्षणिक इकाई नर्मदा देवी सिंघानियां इन्टरनेशनल स्कूल प्रांगण में पृथ्वी जीवन बचाओं विषय पर विचारगोष्ठ एवं रंगोली व पोस्टर प्रतियोगिता हुई। विद्यार्थियों में सदनवाईज बौधिक कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य जेके शर्मा ने की। संचालन उपाचार्य डॉ. सरोज चैधरी ने किया। प्रतियोगिता की निर्णायक टीम में अध्यापिका पवित्रा यादव, अंजू चेजारा, शर्मिला यादव शामिल थी।